विमान दुर्घटनाएं

1355. श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1992 से 31 जनवरी, 1994 तक की अवधि के दौरान कितनी विमान दुर्घटनाएं हुई ;

(ख) इन दुर्घटनाओं में कितने लोग हताहत हुए ;

(ग) मृतकों के लिए एवं घायल लोगों को मुआवजे की कितनी-कितनी रकम दी गई ;

(घ) इन दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप सरकार को हुए नुकसान का ब्यौरा क्या है ;

(ङ) इनमें से कितनी विमान-दुर्घनाएं कर्मचारियों की गलती की वजह से हुई; और

(च) इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) : 1 जनवरी, 1992 से 31 जनवरी, 1994 की अवधि तक, इंडियन एयरलाइंस के ध्यवस्त हुए विमानों के विवरण और अन्य ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं (नीचे देखिए)

(घ) इंडियन एयरलाइंस को कोई विशेष हानि नहीं हुई क्योंकि विमान और यात्रियों का बीमा किया हुआ था।

(ङ) और (च) औरंगाबाद में इंडियन एयरलाइंस के विमान की दुर्घटना के सम्बन्ध में जांच-न्यायालय की रिपोर्ट सरकार के विचाराधीन है। तिरुपति के निकट इंडियन एयरलाइंस की एयरबस ए-300 विमान दुर्घटना के सम्बन्ध में जांच-न्यायालय से रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

विवरण

1 जनवरी, 1992 से 31 जनवरी, 1994 तक की अवधि के दौरान इंडियन एयरलाइंस के ध्वस्त हुए विमानों के ब्यौरे

तारीख	विमान का प्रकार	पंजीकरण	मारे गये यात्री	अदा किये गये मुआवजे की राशि (लाख रुपयों में)
26-4-93	बी–737	वीटी–ईसीक्यू	54	158.99
15-11-93	ए–300	वीटी–ईडीवी	—	—

Take-over of Surat airport from Gujarat Government

1356. SHRI AHMED MOHMEDBHAI PATEL :
SHRI VITHALBHAI M. PATEL :

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether Government have received any proposal from the Gujarat Government to take over the Surat Airport from the State Government;

(b) if so, whether this proposal was discussed by the Ministry of Civil Aviation and Tourism with State Government in December, 1991 and it was not accepted due to the shortage of funds;

(c) whether the State Government has again approached and forwarded the proposal to the Union Government offering to incur Rs. 233 lakhs by the State Government in acquiring land, etc.;

(d) if so, whether Government has agreed to take over the Surat Airport now; and

(e) if not, by when final decision is likely to be taken ?